दैनिक भास्कर
BHASKARHINDI.COM

जबलपुर: ब्रांडेड कंपनी का टैग लगाकर बेचे जा रहे थे नकली लोअर

डिजिटल डेस्क,जबलपुर। गोहलपुर थानांतर्गत रेडीमेड गारमेंट क्लस्टर के 2 दुकान संचालकों द्वारा ब्रांडेड कंपनी के टैग लगाकर नकली लोअर बेचे जा रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने उन दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में टीआई राजपाल सिंह बघेल ने बताया कि गुरुवार को ग्राम कुकुरा पोस्ट भरावन थाना अतरौली हरदोई उत्तर प्रदेश निवासी 27 वर्षीय सुमित कुमार ने एसपी आदित्य प्रताप सिंह के समक्ष शिकायत कर बताया था कि क्लस्टर मार्केट की दुकानों में ब्रांडेड कम्पनी के टैग लगाकर कम दामों पर नकली लोअर का विक्रय किया जा रहा है।

Source: https://www.bhaskarhindi.com/city/jabalpur/jalapur-news-diesel-price-madhya-pradesh-fuel-updates-daily-fuel-rates-in-mp-bhaskar-hindi-fuel-price-news-1067114?infinitescroll=1